CDS(I) Exam, 2017

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO**

**T.B.C. : BLS–E–EDF**

**Test Booklet Series**

**Serial No.**

0168253

# TEST BOOKLET

# GENERAL KNOWLEDGE

**A**

**Time Allowed : Two Hours**

**Maximum Marks : 100**

## INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET *DOES NOT* HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. **Please note that it is the candidate's responsibility to encode and fill in the Roll Number and Test Booklet Series A, B, C or D carefully and without any omission or discrepancy at the appropriate places in the OMR Answer Sheet. Any omission/discrepancy will render the Answer Sheet liable for rejection.**
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. *DO NOT* write *anything else* on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **120** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose *ONLY ONE* response for each item.
5. You have to mark all your responses *ONLY* on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. ***All*** items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator *only the Answer Sheet*. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**
    THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.
    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.
    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO**

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर छपा है।

Material Downloded From SUPERCOP

1. Polynucleotide chain of DNA contains

(a) a nitrogenous base, deoxyribose sugar and phosphate group

(b) a nitrogenous base, ribose sugar and phosphate group

(c) deoxyribose sugar, ribose sugar and phosphate group

(d) a nitrogenous base and phosphate group only

2. The process of copying genetic information from one strand of DNA into RNA is termed as

(a) translation

(b) transcription

(c) replication

(d) mutation

3. AIDS is caused by the Human Immunodeficiency Virus (HIV). The transmission of HIV infection generally occurs through

(a) eating contaminated food and water

(b) transfusion of contaminated blood and blood products

(c) inhaling polluted air

(d) shaking hand with infected person

4. In human body, the cell growth and differentiation are highly controlled and regulated, but in cancer cells

(a) there is breakdown of these regulatory mechanisms leading to formation of benign and malignant tumors

(b) controlled cell division and overproduction of genetic material occur

(c) RNA is mutated and produced in less amount

(d) DNA is mutated and produced in less amount

5. Most viruses that infect plants possess

(a) single-stranded DNA

(b) single-stranded RNA

(c) double-stranded DNA and RNA

(d) double-stranded RNA only

6. Syngamy results in formation of

(a) haploid zygote

(b) diploid zygote

(c) non-motile male gametes

(d) motile male gametes

7. Bleeding of gums, falling of teeth, fragile bones and delayed wound healing occur due to the deficiency of which one of the following vitamins?

(a) Vitamin C

(b) Vitamin K

(c) Vitamin D

(d) Vitamin B



Material Downloded From SUPERCOP

1. DNA की पॉलिन्यूक्लिओटाइड श्रृंखला में क्या समाविष्ट होता है?

(a) एक नाइट्रोजनी क्षारक, डिऑक्सीराइबोस शर्करा और फॉस्फेट समूह

(b) एक नाइट्रोजनी क्षारक, राइबोस शर्करा और फॉस्फेट समूह

(c) डिऑक्सीराइबोस शर्करा, राइबोस शर्करा और फॉस्फेट समूह

(d) केवल एक नाइट्रोजनी क्षारक और फॉस्फेट समूह

2. DNA के एक तन्तुगुच्छ (स्ट्रैन्ड) से RNA में आनुवंशिक सूचना के प्रतिरूपण की प्रक्रिया क्या कहलाती है?

(a) स्थानांतरण

(b) अनुलेखन

(c) प्रतिकृतियन

(d) उत्परिवर्तन

3. AIDS का कारण ह्यूमन इम्युनोडेफिशिएन्सी वाइरस (HIV) है। सामान्यतः HIV संक्रमण का पारगमन किसके माध्यम से होता है?

(a) संदूषित भोजन एवं जल ग्रहण करने से

(b) संदूषित रक्त एवं रक्त उत्पादों के संचरण से

(c) प्रदूषित हवा में साँस लेने से

(d) संक्रमित व्यक्ति से हाथ मिलाने से

4. मानव शरीर में कोशिका वृद्धि एवं विभेदन अतिनियंत्रित एवं नियमित होते हैं, किन्तु कैन्सर कोशिकाओं में

(a) इन नियामक क्रियाविधियों के खराब हो जाने से सुदम (benign) एवं दुर्दम (malignant) अर्बुद (tumor) बनने लगते हैं

(b) नियंत्रित कोशिका विभाजन एवं आनुवंशिक पदार्थ का अतिउत्पादन होता है

(c) RNA उत्परिवर्तित होता है एवं अल्प मात्रा में उत्पादित होता है

(d) DNA उत्परिवर्तित होता है एवं अल्प मात्रा में उत्पादित होता है

5. पौधों को संक्रमित करने वाले अधिकांश विषाणुओं में क्या होता है?

(a) एकल तन्तुगुच्छ वाला DNA

(b) एकल तन्तुगुच्छ वाला RNA

(c) दोहरे तन्तुगुच्छ वाला DNA और RNA

(d) केवल दोहरे तन्तुगुच्छ वाला RNA

6. युग्मक-संलयन के परिणामस्वरूप क्या बनता है?

(a) अगुणित युग्मनज

(b) द्विगुणित युग्मनज

(c) अचल पुंयुग्मक

(d) गतिशील पुंयुग्मक

7. मसूड़ों से रक्तस्राव, दाँतों का गिरना, अस्थियों का भंगुर होना एवं घाव भरने में देरी निम्नलिखित में से किस विटामिन की कमी से होती है?

(a) विटामिन C

(b) विटामिन K

(c) विटामिन D

(d) विटामिन B



Material Downloaded From SUPERCOP

**8.** When a piece of pure silicon is doped with aluminium, then

(a) the conductivity of the doped silicon piece will remain the same

(b) the doped silicon piece will become $n$-type

(c) the doped silicon piece will become $p$-type

(d) the resistivity of the doped silicon piece will increase

**9.** Suppose voltage $V$ is applied across a resistance $R$. The power dissipated in the resistance is $P$. Now the same voltage $V$ is applied across a parallel combination of three equal resistors each of resistance $R$. Then the power dissipated in the second case will be

(a) $P$ (b) $3P$

(c) $P/3$ (d) $2P/3$

**10.** Which one of the following is ***not*** a semiconductor?

(a) Silicon

(b) Germanium

(c) Quartz

(d) Gallium arsenide

**11.** A parallel-plate capacitor, with air in between the plates, has capacitance $C$. Now the space between the two plates of the capacitor is filled with a dielectric of dielectric constant 7. Then the value of the capacitance will become

(a) $C$

(b) $\frac{C}{7}$

(c) $7C$

(d) $14C$

**12.** For which one of the following does the centre of mass lie outside the body?

(a) A fountain pen

(b) A cricket ball

(c) A ring

(d) A book

**13.** Which one of the following is a physical change?

(a) Burning of coal

(b) Burning of wood

(c) Heating of a platinum crucible

(d) Heating of potassium chlorate

**14.** The pH value of a sample of multiple-distilled water is

(a) zero

(b) 14

(c) very near to zero

(d) very near to seven

**15.** Which one of the following is the most characteristic property of an element?

(a) Density

(b) Boiling point

(c) Mass number

(d) Atomic number



Material Downloded From SUPERCOP

**8.** जब शुद्ध सिलिकन के एक टुकड़े को ऐलुमिनियम से मादित (रोगन) किया जाता है, तब

(a) मादित सिलिकन के टुकड़े की चालकता अपरिवर्तित रहेगी

(b) मादित सिलिकन का टुकड़ा $n$-प्ररूपी बन जाएगा

(c) मादित सिलिकन का टुकड़ा $p$-प्ररूपी बन जाएगा

(d) मादित सिलिकन के टुकड़े की प्रतिरोधकता बढ़ जाएगी

**9.** मान लीजिए, एक प्रतिरोध $R$ पर वोल्टता $V$ लगाते हैं। प्रतिरोध में ऊर्जा क्षय $P$ है। अब तीन प्रतिरोधों, जिनमें से प्रत्येक का प्रतिरोध $R$ है, के एक समान्तर संयोजन में वही वोल्टता $V$ लगाया जाता है। तब दूसरी स्थिति में होने वाला ऊर्जा क्षय कितना होगा?

(a) $P$ (b) $3P$

(c) $P/3$ (d) $2P/3$

**10.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक अर्धचालक **नहीं** है?

(a) सिलिकन

(b) जर्मेनियम

(c) क्वार्ट्ज

(d) गैलियम आर्सेनाइड

**11.** एक समान्तर पट्टिका संधारित्र, जिसकी पट्टिकाओं के बीच में हवा है, की धारिता $C$ है। अब संधारित्र की दो पट्टिकाओं के बीच के स्थान को एक परावैद्युत, जिसका परावैद्युतांक 7 है, से भरा जाता है। तब धारिता का मान क्या होगा?

(a) $C$

(b) $\frac{C}{7}$

(c) $7C$

(d) $14C$

**12.** निम्नलिखित में से किसका संहति-केन्द्र वस्तु के बाहर होता है?

(a) फाउन्टेन पेन

(b) क्रिकेट की गेंद

(c) रिंग (वलय)

(d) पुस्तक

**13.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक भौतिक परिवर्तन है?

(a) कोयले का जलना

(b) लकड़ी का जलना

(c) प्लैटिनम क्रूसिबल को गर्म करना

(d) पोटैशियम क्लोरेट को गर्म करना

**14.** बहु-आसुत जल के एक नमूने का pH मान है

(a) शून्य

(b) 14

(c) शून्य के अतिनिकट

(d) सात के अतिनिकट

**15.** किसी तत्त्व का सर्वाधिक अभिलाक्षणिक गुणधर्म निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(a) घनत्व

(b) क्वथनांक

(c) द्रव्यमान संख्या

(d) परमाणु क्रमांक



Material Downloaded From SUPERCOP

16. There are two elements—calcium (atomic number 20) and argon (atomic number 18). The mass number of both the elements is 40. They are therefore known as

(a) isotones

(b) isochores

(c) isobars

(d) isotopes

17. 'Plum Pudding Model' for an atom was proposed by

(a) Antoine Lavoisier

(b) Robert Boyle

(c) Ernest Rutherford

(d) J. J. Thomson

18. What is the number of atoms in 46 g of sodium-23 ($N$ = Avogadro constant)?

(a) $N/2$ (b) $N$

(c) $2N$ (d) $23N$

19. Which one of the following statements is correct?

For the purpose of Census 2011

(a) a person aged seven and above who can both read and write with understanding in any language is treated as a literate

(b) a person aged eight and above who can both read and write with understanding in any language is treated as a literate

(c) a person aged nine and above who can both read and write with understanding in any language is treated as a literate

(d) a person aged ten and above who can both read and write with understanding in any language is treated as a literate

20. In which one of the following States is Loktak Lake situated?

(a) Sikkim

(b) Himachal Pradesh

(c) Manipur

(d) Meghalaya

21. The ratio of gross cropped area to the net sown area is called

(a) cropping intensity

(b) intensity of crop rotation

(c) crop productivity

(d) cropping diversity

22. Which one of the following is the correct sequence of occurrences of rivers from Chennai to Kolkata when travelled by road (shortest distance)?

(a) Krishna, Kaveri, Godavari, Mahanadi, Subarnarekha

(b) Krishna, Periyar, Godavari, Mahanadi, Subarnarekha

(c) Penneru, Krishna, Godavari, Mahanadi, Subarnarekha

(d) Penneru, Mahanadi, Subarnarekha, Godavari, Krishna

23. Which one of the following statements with regard to volcanoes is ***not*** correct?

(a) Stratovolcanoes produce lava flows that initially follow valleys but are highly resistant to erosion.

(b) The surrounding areas can remain highlands, lava ridges or mesas.

(c) Hawaiian shield volcanoes are eroded by streams that form deeply carved valleys with steeply sloping heads.

(d) The system of streams on a dissected volcano cone is not a radial drainage pattern.



Material Downloded From SUPERCOP

**16.** दो तत्त्व—कैल्सियम (परमाणु क्रमांक 20) और ऑर्गन (परमाणु क्रमांक 18) हैं। दोनों तत्त्वों की द्रव्यमान संख्या 40 है। ऐसे तत्त्वों को क्या कहा जाता है?

(a) समन्यूट्रॉनिक

(b) समआयतनिक

(c) समभारिक

(d) समस्थानिक

**17.** किसी परमाणु के लिए 'प्लम पुडिंग मॉडल' किसके द्वारा दिया गया था?

(a) एन्टोनी लावोइजर

(b) रॉबर्ट बॉयल

(c) अर्नेस्ट रदरफोर्ड

(d) जे० जे० थॉमसन

**18.** सोडियम-23 के 46 g में परमाणुओं की संख्या कितनी है ($N$ = आवोगाद्रो नियतांक)?

(a) $N/2$ (b) $N$

(c) $2N$ (d) $23N$

**19.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

जनगणना 2011 के प्रयोजन हेतु

(a) सात वर्ष और इससे अधिक आयु का कोई व्यक्ति, जो किसी भी भाषा में समझ के साथ पढ़ और लिख सकता है, साक्षर समझा जाता है

(b) आठ वर्ष और इससे अधिक आयु का कोई व्यक्ति, जो किसी भी भाषा में समझ के साथ पढ़ और लिख सकता है, साक्षर समझा जाता है

(c) नौ वर्ष और इससे अधिक आयु का कोई व्यक्ति, जो किसी भी भाषा में समझ के साथ पढ़ और लिख सकता है, साक्षर समझा जाता है

(d) दस वर्ष और इससे अधिक आयु का कोई व्यक्ति, जो किसी भी भाषा में समझ के साथ पढ़ और लिख सकता है, साक्षर समझा जाता है

**20.** निम्नलिखित में से किस राज्य में लोक्टक झील स्थित है?

(a) सिक्किम

(b) हिमाचल प्रदेश

(c) मणिपुर

(d) मेघालय

**21.** कुल शस्य-क्षेत्रफल से वास्तविक बुआई क्षेत्र के अनुपात को क्या कहा जाता है?

(a) शस्य सघनता

(b) फसल चक्र की तीव्रता

(c) फसल उत्पादकता

(d) शस्य विविधता

**22.** चेन्नई से कोलकाता की यात्रा सड़क मार्ग (न्यूनतम दूरी) से करने पर, नदियों की उपस्थिति का सही क्रम निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(a) कृष्णा, कावेरी, गोदावरी, महानदी, सुबर्णरिखा

(b) कृष्णा, पेरियार, गोदावरी, महानदी, सुबर्णरिखा

(c) पेन्नेरू, कृष्णा, गोदावरी, महानदी, सुबर्णरिखा

(d) पेन्नेरू, महानदी, सुबर्णरिखा, गोदावरी, कृष्णा

**23.** ज्वालामुखियों के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(a) स्तरित ज्वालामुखी लावास्तर को उत्पन्न करते हैं, जो आरंभ में घाटियों का अनुसरण करता है, किन्तु अपरदन का अत्यधिक प्रतिरोधी है।

(b) आस-पास के क्षेत्र उच्चभूमि, लावा रिज (कटक) अथवा मेसा रह जाते हैं।

(c) हवाई गुम्बदी ज्वालामुखी धाराओं द्वारा अपरदित होते हैं, जिससे खड़ी ढलान के शीर्ष वाली गहरी उत्कीर्ण घाटियाँ बनती हैं।

(d) किसी विच्छेदित ज्वालामुखी शंकु पर धाराओं का निकाय एक अरीय अपवाह प्रतिरूप नहीं होता है।



Material Downloaded From SUPERCOP

**24.** Kwashiorkor disease in children is caused by

(a) sufficient carbohydrates but less fats in diet

(b) sufficient carbohydrates and fats but deficient proteins in diet

(c) sufficient vitamins but deficient fats in diet

(d) sufficient fats but deficient vitamins in diet

**25.** The mammalian heart is myogenic and it is regulated by nerves. The heartbeat originates from

(a) sinoatrial node

(b) QRS wave

(c) T wave

(d) hepatic portal system

**26.** The plant growth regulators are small, simple molecules of diverse chemical composition. They are

(a) carbohydrates, fats and proteins

(b) indole compounds, adenine derivatives, carotenoids and terpenes

(c) fatty acids, glucose and vitamins

(d) vitamin C, vitamin D and glucose

**27.** Consider the electromagnetic radiations having wavelengths 200 nm, 500 nm and 1000 nm. Which wavelength(s) of the following can make visual sensation to a human eye?

(a) 200 nm and 500 nm

(b) 500 nm and 1000 nm

(c) 500 nm only

(d) 200 nm and 1000 nm

**28.** A copper wire of radius $r$ and length $l$ has a resistance of $R$. A second copper wire with radius $2r$ and length $l$ is taken and the two wires are joined in a parallel combination. The resultant resistance of the parallel combination of the two wires will be

(a) $5R$

(b) $\frac{5}{4}R$

(c) $\frac{4}{5}R$

(d) $\frac{R}{5}$

**29.** A parallel-plate capacitor of capacitance $C_1$ is made using two gold plates. Another parallel-plate capacitor of capacitance $C_2$ is made using two aluminium plates with same plate separation, and all the four plates are of same area. If $\rho_g$ and $\rho_a$ are respectively the electrical resistivities of gold and aluminium, then which one of the following relations is correct?

(a) $C_1 > C_2$

(b) $C_2 > C_1$

(c) $C_1\rho_a = C_2\rho_g$

(d) $C_1 = C_2$

**30.** A photon of X-ray has energy of 1 keV. A photon of visible radiation has energy of 3 eV. In this context, which one of the following statements is ***not*** correct?

(a) The wavelength of X-ray photon is less than the wavelength of visible radiation photon.

(b) Both the photons have different energies.

(c) The speeds of both the photons in vacuum are different.

(d) The frequency of X-ray photon is higher than the frequency of visible radiation photon.



Material Downloded From SUPERCOP

**24.** बच्चों में क्वाशिओरकर रोग किस कारण से होता है?

(a) आहार में पर्याप्त कार्बोहाइड्रेट, किन्तु वसा की कमी

(b) आहार में कार्बोहाइड्रेट और वसा की पर्याप्त मात्रा, किन्तु प्रोटीन की कमी

(c) आहार में पर्याप्त विटामिन, किन्तु वसा की कमी

(d) आहार में पर्याप्त वसा, किन्तु विटामिनों की कमी

**25.** मैमेलियन हृदय पेशीजनक है और यह तंत्रिकाओं द्वारा नियंत्रित होता है। हृदय स्पन्द कहाँ से प्रारंभ होता है?

(a) कोटरालिंद नोड

(b) QRS ऊर्मिक

(c) T ऊर्मिक

(d) यकृतीय निर्वाहिका उपतंत्र

**26.** पादप वर्धन नियंत्रक, भिन्न रासायनिक संरचनाओं के छोटे, साधारण अणु होते हैं। ये क्या हैं?

(a) कार्बोहाइड्रेट, वसा और प्रोटीन

(b) इंडोल यौगिक, ऐडेनीन व्युत्पन्न, कैरोटिनॉइड और टर्पीन

(c) वसा-अम्ल, ग्लूकोस और विटामिन

(d) विटामिन C, विटामिन D और ग्लूकोस

**27.** ऐसे विद्युत्-चुम्बकीय विकिरणों पर विचार कीजिए, जिनके तरंगदैर्घ्य 200 nm, 500 nm और 1000 nm हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा/से तरंगदैर्घ्य मानव नेत्र को दृष्टि-अनुभूति दे सकता है/सकते हैं?

(a) 200 nm और 500 nm

(b) 500 nm और 1000 nm

(c) केवल 500 nm

(d) 200 nm और 1000 nm

**28.** त्रिज्या $r$ एवं लम्बाई $l$ के एक ताँबे के तार का प्रतिरोध $R$ है। ताँबे का एक दूसरा तार, जिसकी त्रिज्या $2r$ एवं लम्बाई $l$ है, लिया गया है और इन दोनों तारों को एक समान्तर संयोजन में जोड़ा गया है। दोनों तारों के समान्तर संयोजन का परिणामी प्रतिरोध कितना होगा?

(a) $5R$ (b) $\frac{5}{4}R$

(c) $\frac{4}{5}R$ (d) $\frac{R}{5}$

**29.** सोने की दो पट्टिकाओं को लेकर एक समान्तर पट्टिका संधारित्र बनाया गया है, जिसकी धारिता $C_1$ है। एक और समान्तर पट्टिका संधारित्र, ऐलुमिनियम की दो पट्टिकाओं को लेकर बनाया गया है, जिसकी धारिता $C_2$ है। दोनों संधारित्रों की पट्टिकाओं का अंतराल एकसमान है और सभी चार पट्टिकाओं का क्षेत्रफल बराबर है। यदि सोने और ऐलुमिनियम की वैद्युत प्रतिरोधकताएँ क्रमशः $\rho_g$ और $\rho_a$ हैं, तो निम्नलिखित में से कौन-सा सम्बन्ध सही है?

(a) $C_1 > C_2$

(b) $C_2 > C_1$

(c) $C_1\rho_a = C_2\rho_g$

(d) $C_1 = C_2$

**30.** एक्स-किरण के एक फोटॉन की ऊर्जा 1 keV है। दृश्य विकिरण वाले एक फोटॉन की ऊर्जा 3 eV है। इस सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(a) एक्स-किरण फोटॉन का तरंगदैर्घ्य, दृश्य विकिरण फोटॉन के तरंगदैर्घ्य से कम है।

(b) दोनों फोटॉनों की ऊर्जा भिन्न है।

(c) निर्वात में दोनों फोटॉनों की चाल भिन्न है।

(d) एक्स-किरण फोटॉनों की आवृत्ति, दृश्य विकिरण फोटॉनों की आवृत्ति से अधिक है।



Material Downloaded From SUPERCOP

31. The optical phenomenon that is primarily responsible for the observation of rainbow on a rainy day is

(a) diffraction

(b) interference

(c) dispersion

(d) reflection

32. With regard to 'Project Tiger', which one of the following statements is ***not*** correct?

(a) It was launched in India in the year 1973.

(b) The objective of the Project is to preserve the habitats and tigers therein as natural heritage.

(c) The Project emphasized to ensure viable population of tigers in India.

(d) There are no Tiger Reserves in north-eastern part of India.

33. Which one of the following is ***not*** a biosphere reserve of India?

(a) Agasthyamalai

(b) Nokrek

(c) Great Nicobar

(d) Great Himalayan

34. Which one of the following statements with regard to the Indian Railways is ***not*** correct?

(a) The Indian rail networks have been developed throughout the Konkan coast.

(b) There is very low density of railway lines in the Himalayan region.

(c) The north Indian plain has a dense network of railway.

(d) At present, India has the largest railway network in the world.

35. Which of the following statements with regard to the Mediterranean agriculture is/are correct?

1. The Mediterranean agriculture is highly specialized commercial agriculture.
2. It is intensive subsistence agriculture dominated by wet paddy cultivation.
3. It is a primitive subsistence agriculture.
4. Viticulture is a speciality of the Mediterranean region.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 only

(b) 2 and 3

(c) 1 and 4 only

(d) 1, 3 and 4



Material Downloaded From SUPERCOP

**31.** वर्षा के किसी दिन इंद्रधनुष के दिखाई पड़ने के लिए कौन-सी प्रकाशीय घटना मुख्य रूप से उत्तरदायी है?

(a) विवर्तन

(b) व्यतिकरण

(c) प्रकीर्णन

(d) परावर्तन

**32.** 'प्रोजेक्ट टाइगर' के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(a) इसे वर्ष 1973 में भारत में आरम्भ किया गया था।

(b) इस परियोजना का उद्देश्य प्राकृतिक वास और बाघों को, प्राकृतिक विरासत के रूप में, उसी स्थान पर सुरक्षित रखना है।

(c) इस परियोजना ने भारत में बाघों की जीवनक्षम आबादी सुनिश्चित करने को महत्त्व दिया।

(d) भारत के पूर्वोत्तर भाग में कोई टाइगर रिज़र्व नहीं है।

**33.** निम्नलिखित में से कौन-सा जीवमंडल संरक्षित क्षेत्र भारत में **नहीं** है?

(a) अगस्थ्यामलाई

(b) नोक्रेक

(c) ग्रेट निकोबार

(d) ग्रेट हिमालयन

**34.** भारतीय रेलवे के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(a) सम्पूर्ण कोंकण तट पर भारतीय रेल का नेटवर्क विकसित हो चुका है।

(b) हिमालय क्षेत्र में रेलवे लाइनों की सघनता बहुत कम है।

(c) उत्तर भारत के मैदानी क्षेत्र में रेलवे का नेटवर्क सघन है।

(d) वर्तमान में, भारत के पास विश्व का सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क है।

**35.** भूमध्यसागरीय कृषि के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. भूमध्यसागरीय कृषि अतिविशिष्ट वाणिज्यिक कृषि है।
2. यह सघन जीवन-निर्वाह कृषि है, जिसमें आर्द्र धान की खेती की प्रधानता है।
3. यह एक पुरातन जीवन-निर्वाह कृषि है।
4. अंगूरोत्पादन, भूमध्यसागरीय क्षेत्र की एक विशेषता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) 2 और 3

(c) केवल 1 और 4

(d) 1, 3 और 4



Material Downloaded From SUPERCOP

**36.** Which one of the following statements with regard to the winter solstice is correct?

*(a)* The South Pole experiences 24 hours of darkness.

*(b)* It occurs on June 21.

*(c)* The North Pole experiences 24 hours of darkness.

*(d)* The Sun is at aphelion.

**37.** Tropical evergreen rain forest biome provides optimum environmental conditions for the growth of plants and animals. Which one among the following statements regarding this is ***not*** correct?

*(a)* It has heavy rainfall and high temperature throughout the year.

*(b)* This biome is also called mega-thermal biome.

*(c)* The evergreen rain forest biome extends between 10° N and 10° S latitudes.

*(d)* The maximum development of this biome has taken place in central and southern California, and north-western coastal lands of Africa.

**38.** Tsunami waves are the undersea occurrence of earthquake exceeding 7·5 on Richter scale. Which one of the following statements regarding this is ***not*** correct?

*(a)* It often generates strong waves.

*(b)* The Pacific coasts are most vulnerable to Tsunami waves.

*(c)* Tsunami waves are also called high-energy tidal waves or seismic sea waves.

*(d)* Tsunami is a Latin word.

**39.** Which of the following statements with regard to cloudburst is/are correct?

1. It is defined as sudden localized very heavy downpour with cloud thunder and lightning.
2. It mostly occurs in the hilly areas.
3. It results into very high intensity of rainfall, i.e., 250 mm–300 mm in a couple of hours.
4. It occurs only during daytime.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1, 3 and 4

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 2 only



Material Downloaded From SUPERCOP

**36.** शीतकालीन अयनांत के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

*(a)* दक्षिणी ध्रुव पर 24 घंटे अंधेरा छाया रहता है।

*(b)* यह 21 जून को होता है।

*(c)* उत्तरी ध्रुव पर 24 घंटे अंधेरा छाया रहता है।

*(d)* सूर्य, सूर्योच्च पर होता है।

**37.** उष्णकटिबन्धीय सदापर्णी वर्षा-वन जीवोम वनस्पति एवं प्राणियों की वृद्धि के लिए अनुकूल पर्यावरणी अवस्थाएँ प्रदान करता है। इस सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

*(a)* इसमें वर्ष-भर भारी वर्षा होती है एवं उच्च तापमान बना रहता है।

*(b)* इस जीवोम को मेगा-थर्मल बायोम भी कहते हैं।

*(c)* सदापर्णी वर्षा-वन जीवोम 10° N और 10° S अक्षांश के बीच फैला हुआ है।

*(d)* इस जीवोम का अधिकतम विकास मध्य एवं दक्षिणी कैलिफोर्निया तथा अफ्रीका के उत्तर-पश्चिमी तटीय क्षेत्रों में हुआ है।

**38.** समुद्र के नीचे रिक्टर स्केल पर 7·5 से अधिक का भूकम्प आने की घटना को सुनामी लहरें कहते हैं। इस सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

*(a)* इससे प्रायः सशक्त लहरें उत्पन्न होती हैं।

*(b)* प्रशान्त महासागरीय तट सुनामी लहरों के लिए अति सुभेद्य हैं।

*(c)* सुनामी लहरों को उच्च-ऊर्जा ज्वारीय तरंगें या भूकम्पी सागर तरंगें भी कहते हैं।

*(d)* सुनामी (Tsunami) एक लैटिन शब्द है।

**39.** वृष्टि प्रस्फोट (बादल फटने) के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. इसे बादल गरजने और बिजली चमकने के साथ स्थानीय रूप से अचानक आई बहुत भारी मूसलाधार वर्षा के रूप में परिभाषित किया गया है।
2. ऐसा अधिकांशतः पहाड़ी क्षेत्रों में होता है।
3. इसके परिणामस्वरूप बहुत तीव्र वर्षा (अर्थात् कुछ ही घंटों में 250 mm–300 mm तक) होती है।
4. ऐसा केवल दिन के समय में होता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* 1, 3 और 4

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* केवल 2



Material Downloaded From SUPERCOP

40. Which one of the following with regard to Aridisol, one of the soil orders, is ***not*** correct?

(a) Lack of water for plants during most part of the year

(b) High organic matter

(c) Large accumulation of carbonates at depth

(d) Absence of deep wide cracks

41. What is the maximum number of states of matter?

(a) Three

(b) Four

(c) Five

(d) Variable

42. The chemical properties of an element depend upon

(a) the number of isotopes of the element

(b) the mass number of the element

(c) the total number of neutrons in the element

(d) the number of electrons in the outermost shell of the element

43. Which one of the following statements is ***not*** correct?

(a) The cathode rays originate from cathode and proceed towards the anode in a cathode-ray discharge tube.

(b) The television picture tubes are nothing but cathode-ray tubes.

(c) The cathode rays themselves are not visible.

(d) The characteristics of cathode rays depend upon the nature of the gas present in the cathode-ray tube.

44. The molecular mass of sulphuric acid is 98. If 49 g of the acid is dissolved in water to make one litre of solution, what will be the strength of the acid?

(a) Two normal

(b) One normal

(c) 0·5 normal

(d) Four normal

45. Which one of the following statements with regard to Jet stream, an upper level tropospheric wave, is ***not*** correct?

(a) It is a narrow band of high-velocity wind.

(b) It follows the wave path near the tropopause at elevations of 8 km to 15 km.

(c) Jet streams are typically continuous over long distances.

(d) In summer, the polar front jet achieves its maximum force.



Material Downloaded From SUPERCOP

**40.** एरिडिसॉल, जो मृदा प्रकारों में से एक है, के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा सही **नहीं** है?

(a) वर्ष के अधिकांश समय में पौधों के लिए पानी की कमी

(b) अत्यधिक जैव पदार्थ

(c) गहराई पर कार्बोनेटों का अधिक संचयन

(d) गहरी चौड़ी दरारों का अभाव

**41.** द्रव्य की अवस्थाओं की अधिकतम संख्या क्या है?

(a) तीन

(b) चार

(c) पाँच

(d) परिवर्तनशील

**42.** किसी तत्त्व के रासायनिक गुणधर्म किस पर निर्भर करते हैं?

(a) तत्त्व के समस्थानिकों की संख्या

(b) तत्त्व की द्रव्यमान संख्या

(c) तत्त्व में न्यूट्रॉनों की कुल संख्या

(d) तत्त्व की सबसे बाहरी कोश में इलेक्ट्रॉनों की संख्या

**43.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(a) किसी कैथोड किरण विसर्जन नलिका में कैथोड किरणें, कैथोड से उत्पन्न होती हैं और ऐनोड की तरफ गति करती हैं।

(b) टेलीविज़न चित्र नलिकाएँ और कुछ नहीं बल्कि कैथोड किरण नलिकाएँ हैं।

(c) कैथोड किरणें स्वयं दृश्य नहीं होती हैं।

(d) कैथोड किरणों की विशेषताएँ, कैथोड किरण नलिका में उपस्थित गैस की प्रकृति पर निर्भर करती हैं।

**44.** सल्फ्यूरिक अम्ल का आण्विक द्रव्यमान 98 है। यदि एक लीटर विलयन बनाने के लिए पानी में 49 g अम्ल घोला जाता है, तो अम्ल की प्रबलता क्या होगी?

(a) दो नॉर्मल

(b) एक नॉर्मल

(c) 0·5 नॉर्मल

(d) चार नॉर्मल

**45.** जेट प्रवाह, जो एक ऊपरी स्तर की क्षोभमंडलीय तरंग है, के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(a) यह उच्च-वेग वायु का एक संकीर्ण बैंड है।

(b) यह 8 km से 15 km की ऊँचाई पर क्षोभसीमा के निकट तरंग पथ का अनुसरण करता है।

(c) लम्बी दूरियों पर जेट प्रवाहों में एक विशेष प्रकार की संततता होती है।

(d) ग्रीष्मकाल में ध्रुवीय वाताग्र जेट अपना अधिकतम बल प्राप्त कर लेता है।



Material Downloaded From SUPERCOP

**46.** The Gulf Stream is a poleward flowing current in the Atlantic Ocean. Which one of the following statements with regard to this is ***not*** correct?

*(a)* It is similar to the Kuroshio current in the North Pacific Ocean.

*(b)* It transports warm, tropical water towards polar region.

*(c)* This current is a major factor in weather along the east coast of the USA.

*(d)* The warm water of the Gulf Stream sustains the coral reefs of West Pacific Coast.

**47.** Which one of the following about sugar industry of Peninsular India is ***not*** correct?

*(a)* High yield per hectare of sugarcane

*(b)* Higher sucrose content

*(c)* Long crushing season

*(d)* Most of the mills in the Peninsula are located mainly along the east coast

**48.** 'Rand/ZAR' is the currency of

*(a)* Burundi

*(b)* Libya

*(c)* Sudan

*(d)* South Africa

**49.** Which one of the following ports is located on estuary?

*(a)* Kandala

*(b)* Marmagao

*(c)* Kolkata-Haldia

*(d)* Tuticorin

**50.** Which one of the following statements is ***not*** correct?

*(a)* *Pavo cristatus* is the national bird of India.

*(b)* *Nelumbo nucifera Gaertn* is the national flower of India.

*(c)* *Ficus benghalensis* is the national tree of India.

*(d)* *Mangifera indica* is the national animal of India.



Material Downloaded From SUPERCOP

**46.** गल्फ स्ट्रीम, अटलांटिक महासागर में एक ध्रुवाभिमुख प्रवाहित धारा है। इस सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

*(a)* यह उत्तरी प्रशांत महासागर की कुरोशिओ धारा के समान है।

*(b)* यह गर्म, उष्णकटिबन्धीय जल को ध्रुवीय क्षेत्रों की ओर ले जाती है।

*(c)* USA के पूर्वी तट के पास के मौसम के लिए यह धारा एक मुख्य कारक है।

*(d)* गल्फ स्ट्रीम का उष्ण जल, पश्चिमी प्रशांत महासागरीय तट की प्रवालभित्तियों को बनाए रखता है।

**47.** प्रायद्वीपीय भारत के चीनी उद्योग के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सही **नहीं** है?

*(a)* गन्ने का प्रति हेक्टेयर उच्च उत्पादन

*(b)* उच्चतर सूक्रोस अंश

*(c)* लम्बी पेराई (संदलन) अवधि

*(d)* प्रायद्वीप में अधिकांश मिलें मुख्यतः पूर्वी तट के समीप स्थित हैं

**48.** 'रैंड/ज़ार' कहाँ की मुद्रा है?

*(a)* बुरुंडी

*(b)* लीबिया

*(c)* सूडान

*(d)* दक्षिण अफ्रीका

**49.** निम्नलिखित में से कौन-सा बंदरगाह ज्वारनदमुख पर स्थित है?

*(a)* कांडला

*(b)* मोरमुगांव

*(c)* कोलकाता-हल्दिया

*(d)* तूतीकोरिन

**50.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

*(a)* भारत का राष्ट्रीय पक्षी *पैवो क्रिस्टाटस* है।

*(b)* भारत का राष्ट्रीय फूल *नेलुम्बो नुसिफेरा गैर्टन* है।

*(c)* भारत का राष्ट्रीय वृक्ष *फाइकस बेंगालेन्सिस* है।

*(d)* भारत का राष्ट्रीय पशु *मैंजीफेरा इंडिका* है।



Material Downloaded From SUPERCOP

**51.** Which one of the following statements is correct in relation to the GST Bill passed by the Rajya Sabha in August 2016?

*(a)* It will replace all central taxes, duties, etc., only by a single tax.

*(b)* It will subsume central as well as State taxes, duties, etc.

*(c)* GST will be levied on alcoholic liquor for human consumption at a uniform rate of 25 percent.

*(d)* Petroleum and petroleum products shall not be subjected to the levy of GST.

**52.** The sensitive information leaked in August 2016 concerns which one of the following defence platforms of India?

*(a)* Fifth Generation Fighter Aircraft

*(b)* Combat Helicopters

*(c)* Submarines

*(d)* Unmanned Aerial Vehicles

**53.** How many medals were won by India in 2016 Summer Olympics?

*(a)* One Silver and one Bronze

*(b)* Two Gold

*(c)* Two Bronze

*(d)* None

**54.** India became a member of which one of the following in 2016?

*(a)* Non-Proliferation Treaty

*(b)* Missile Technology Control Regime

*(c)* Nuclear Suppliers Group

*(d)* Wassenaar Arrangement

**55.** India signed an agreement in 2016 to develop a strategic port in one of its neighbouring countries. What is the name of the port?

*(a)* Chabahar

*(b)* Gwadar

*(c)* Hambantota

*(d)* Mongla

**56.** Which one of the following statements is ***not*** correct in respect of the South Asian Association for Regional Cooperation (SAARC)?

*(a)* Its Headquarters is located in Kathmandu.

*(b)* China is the only country with an Observer status in SAARC.

*(c)* The First SAARC Summit was held in Dhaka.

*(d)* The Eighteenth SAARC Summit was held in Nepal.



Material Downloaded From SUPERCOP

**51.** अगस्त 2016 में राज्य सभा द्वारा पारित किए गए GST विधेयक के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) यह सभी केन्द्रीय करों, शुल्कों आदि को केवल एक एकल कर से प्रतिस्थापित करेगा।

(b) इसमें केन्द्र के साथ-साथ राज्य के कर, शुल्क आदि भी सम्मिलित होंगे।

(c) मानव उपभोग हेतु शराब पर 25 प्रतिशत की एकसमान दर से GST लगाया जाएगा।

(d) पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद GST की उगाही के अधीन नहीं होंगे।

**52.** अगस्त 2016 में रहस्योद्घाटित संवेदनशील सूचना, भारत के निम्नलिखित में से किस रक्षा प्लेटफॉर्म से सम्बन्धित है?

(a) पाँचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान

(b) लड़ाकू हेलिकॉप्टर

(c) पनडुब्बियाँ

(d) मानवरहित विमान

**53.** 2016 के ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक में भारत ने कितने पदक जीते?

(a) एक रजत और एक कांस्य

(b) दो स्वर्ण

(c) दो कांस्य

(d) कुछ भी नहीं

**54.** 2016 में भारत निम्नलिखित में से किसका सदस्य बना?

(a) नॉन-प्रोलिफरेशन ट्रीटि (परमाणु अप्रसार संधि)

(b) मिसाइल टेक्नोलॉजी कंट्रोल रेजीम

(c) न्यूक्लियर सप्लायर्स ग्रुप

(d) वासेनार अरेंजमेंट

**55.** 2016 में भारत ने अपने एक पड़ोसी देश के साथ एक सामरिक बंदरगाह विकसित करने हेतु एक समझौता किया। उस बंदरगाह का नाम क्या है?

(a) चाबहार

(b) ग्वादार

(c) हंबनटोटा

(d) मोंगला

**56.** दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (SAARC) के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(a) इसका मुख्यालय काठमांडू में स्थित है।

(b) केवल चीन ही एक ऐसा देश है, जिसे SAARC में पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त है।

(c) प्रथम SAARC शिखर सम्मेलन ढाका में हुआ था।

(d) अठारहवाँ SAARC शिखर सम्मेलन नेपाल में हुआ था।



Material Downloaded From SUPERCOP

57. Which of the following statements about the Ilbert Bill (1883) is/are correct?

1. It proposed to grant limited criminal jurisdiction to native officials.
2. It proposed to grant complete civil and criminal jurisdiction to native officials.
3. The proposed Bill generated opposition from England's European subjects in India.
4. In spite of opposition to the Bill, it was passed without any modifications.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2

(b) 2 only

(c) 1 and 3

(d) 3 and 4

58. Consider the following statements about the Second Five-Year Plan :

1. It was drafted under the leadership of K. N. Raj.
2. It proposed that industries like electricity, railways, steel, machineries and communication could be developed in the public sector.
3. The drafters found balancing industry and agriculture very difficult.
4. The drafters found balancing industry and agriculture really easy.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 1 and 2

(c) 2 and 3

(d) 3 and 4

59. Consider the following statements about the different meanings of 'Swaraj' as articulated by Mahatma Gandhi :

1. Swaraj is intimately linked with Ahimsa (non-violence) and Satyagraha (adherence to truth).
2. Swaraj has two senses—one political and one beyond the realm of politics.
3. Swaraj is something that requires time and patience to acquire.
4. With determination, Swaraj could be obtained easily and quickly.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 3 and 4

(d) 1, 2 and 3

60. What was/were the formative influence(s) on the philosophy of Mahatma Gandhi?

1. Gandhiji was influenced by the 18th century Pranami sect that advocated the unity of faiths.
2. Gandhiji was influenced by the theosophists.
3. Gandhiji was an admirer of the writings of Romantics like Wordsworth.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1, 2 and 3

(d) 1 only



Material Downloaded From SUPERCOP

**57.** इल्बर्ट विधेयक (1883) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. इसने सीमित दांडिक अधिकारिता, भारतीय अधिकारियों को प्रदान करने का प्रस्ताव किया।
2. इसने सम्पूर्ण सिविल और दांडिक अधिकारिता, भारतीय अधिकारियों को प्रदान करने का प्रस्ताव किया।
3. इस प्रस्तावित विधेयक से भारत में रह रहे इंग्लैंड के यूरोपीय नागरिकों में विरोध उत्पन्न हुआ।
4. विधेयक का विरोध होने के बावजूद भी इसे बिना किसी परिवर्तन के पारित किया गया।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1 और 2

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 3

*(d)* 3 और 4

**58.** द्वितीय पंचवर्षीय योजना के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. के० एन० राज के नेतृत्व में इसका प्रारूप तैयार किया गया।
2. इसमें प्रस्ताव था कि बिजली, रेलवे, इस्पात, मशीनरी और संचार जैसे उद्योग पब्लिक सेक्टर में विकसित किए जाएँ।
3. प्रारूपकारों ने पाया कि उद्योग और कृषि में संतुलन बनाना बहुत कठिन है।
4. प्रारूपकारों ने पाया कि उद्योग और कृषि में संतुलन बनाना वास्तव में आसान है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* 1 और 2

*(c)* 2 और 3

*(d)* 3 और 4

**59.** महात्मा गाँधी द्वारा उच्चरित 'स्वराज' के विभिन्न अर्थों के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अहिंसा और सत्याग्रह के साथ स्वराज घनिष्ठता से जुड़ा है।
2. स्वराज के दो अभिप्राय हैं—एक राजनीतिक और एक राजनीति के क्षेत्र से परे (बाहर)।
3. स्वराज कुछ ऐसा है, जिसे प्राप्त करने के लिए समय और धैर्य आवश्यक होता है।
4. संकल्प के साथ स्वराज को सरलता और शीघ्रता से प्राप्त किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* 3 और 4

*(d)* 1, 2 और 3

**60.** महात्मा गाँधी के तत्त्वविचार पर रचनात्मक प्रभाव क्या था/थे?

1. गाँधीजी 18वीं सदी के प्रणामी संप्रदाय से प्रभावित थे जो आस्थाओं/धर्मों की एकता का समर्थन करता था।
2. गाँधीजी देवविद्या के जानकारों (थियोसोफिस्ट) से प्रभावित थे।
3. गाँधीजी वर्ड्सवर्थ जैसे स्वच्छंदतावादियों (रोमांटिक्स) के लेखन के प्रशंसक थे।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* केवल 1



Material Downloaded From SUPERCOP

**61.** Which of the following statements about the Shiromani Gurudwara Prabandhak Committee (SGPC) are correct?

1. It began as the political wing of the Singh Sabhas in the late 19th century.
2. It was formed in 1920 as part of the upcoming Akali movement.
3. It was founded to reclaim control of the Sikh shrines from the government manipulated loyalist committees.
4. It formed the Akali Dal to coordinate groups (Jathas) to reclaim control of the shrines.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 3 and 4

*(b)* 2, 3 and 4

*(c)* 2 and 4 only

*(d)* 2 and 3 only

**62.** Which of the following statements with regard to the speech of Mahatma Gandhi at the opening of the Banaras Hindu University are correct?

1. He charged the Indian elite with a lack of concern for the labouring poor.
2. He asserted that our salvation can come only through the farmers.
3. He highlighted the plight of the untouchables.
4. He promised to take up the cause of the mill owners of Ahmedabad.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 2, 3 and 4

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 1, 2 and 3 only

*(d)* 3 and 4 only

**63.** To be eligible to contest election under the Haryana Panchayati Raj (Amendment) Act, 2015, a candidate should

1. have a functional toilet at home
2. have payment slips of power bills
3. not be a cooperative loan defaulter
4. have studied minimum matriculation irrespective of category

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 2 and 3 only

*(b)* 1, 2 and 4 only

*(c)* 1, 2, 3 and 4

*(d)* 3 and 4 only

**64.** Arrange the following Commissions chronologically on the basis of their date of setting :

1. The Second Administrative Reforms Commission
2. The Eleventh Finance Commission
3. Punchhi Commission
4. Sarkaria Commission

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 4, 2, 1, 3

*(b)* 4, 3, 2, 1

*(c)* 3, 2, 4, 1

*(d)* 3, 4, 1, 2

**65.** Who among the following won a Gold medal for India in Men's Javelin Throw event at the 2016 Rio Paralympic Games?

*(a)* Rinku Hooda

*(b)* Devendra Jhajharia

*(c)* Sundar Singh Gurjar

*(d)* Mariyappan Thangavelu



Material Downloaded From SUPERCOP

**61.** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति (SGPC) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. यह 19वीं सदी के अंत में सिंह सभाओं के राजनीतिक पक्ष के रूप में आरंभ हुई।
2. यह 1920 में आगामी अकाली आंदोलन के भाग के रूप में बनाई गई थी।
3. सरकार द्वारा जोड़-तोड़ करके बनाई गई वफादार समितियों से सिख पूजास्थलों का नियंत्रण वापस लेने के लिए इसे संस्थापित किया गया था।
4. इसने समूहों (जत्थों) के साथ समन्वय करने के लिए अकाली दल बनाया ताकि पूजास्थलों का नियंत्रण वापस लिया जा सके।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 3 और 4

*(b)* 2, 3 और 4

*(c)* केवल 2 और 4

*(d)* केवल 2 और 3

**62.** बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के शुभारंभ पर महात्मा गाँधी के भाषण के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. उन्होंने भारतीय प्रवरजनों पर आरोप लगाया कि उनमें मजदूरी करने वाले गरीबों के प्रति चिन्ता का अभाव है।
2. उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारी मुक्ति केवल किसानों के द्वारा हो सकती है।
3. उन्होंने अस्पृश्यों की दुर्दशा पर विशेष बल दिया।
4. उन्होंने अहमदाबाद के मिल मालिकों के मामले को उठाने का वचन दिया।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2, 3 और 4

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 1, 2 और 3

*(d)* केवल 3 और 4

**63.** हरियाणा पंचायती राज (संशोधन) अधिनियम, 2015 के अन्तर्गत चुनाव लड़ने की पात्रता के लिए किसी प्रत्याशी

1. के पास घर पर काम कर रहा एक शौचालय होना चाहिए
2. के पास बिजली के बिलों की भुगतान पर्चियाँ होनी चाहिए
3. को सहकारी ऋण का बकायेदार (डिफॉल्टर) नहीं होना चाहिए
4. को न्यूनतम मैट्रिक तक अध्ययन किया हुआ होना चाहिए, चाहे वह किसी भी वर्ग के तहत आता हो

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1, 2 और 4

*(c)* 1, 2, 3 और 4

*(d)* केवल 3 और 4

**64.** निम्नलिखित आयोगों को उनके गठन की तिथि के आधार पर कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

1. द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग
2. ग्यारहवाँ वित्त आयोग
3. पुँछी आयोग
4. सरकारिया आयोग

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 4, 2, 1, 3

*(b)* 4, 3, 2, 1

*(c)* 3, 2, 4, 1

*(d)* 3, 4, 1, 2

**65.** निम्नलिखित में से किस खिलाड़ी ने 2016 के रियो पैरालिपिक खेलों में पुरुषों के भाला फेंक (जेवलिन थ्रो) खेल का स्वर्ण पदक भारत के लिए जीता?

*(a)* रिंकू हुडा

*(b)* देवेन्द्र झझारिया

*(c)* सुन्दर सिंह गुर्जर

*(d)* मरियप्पन थांगावेलु



Material Downloaded From SUPERCOP

**66.** Which of the following statements with regard to Panchayats in India are correct?

1. Seats in a Panchayat are filled by direct election from the territorial constituencies in the Panchayat area.
2. The Gram Sabha is the body of persons registered in the electoral rolls relating to a village within the Panchayat area.
3. The Panchayats work on the principle of constitutional autonomy.
4. The State Legislature may by law endow the Panchayats with the power and authority to enable them to function.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 2, 3 and 4

*(c)* 1, 2 and 4

*(d)* 1 and 4 only

**67.** Which of the following statements regarding Indian federal system is/are correct?

1. All States have equal representation in the Rajya Sabha.
2. Consent of a State is not required for altering its boundaries.
3. There is no dual citizenship in India.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 2 only

**68.** Which of the following are the powers of the Supreme Court of India?

1. Original jurisdiction in a dispute between the Government of India and one or more States
2. The power to hear appeals from the High Courts
3. Passing decrees and orders for doing justice in any matter before it
4. Render advice to the President of India in matters of law

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 2, 3 and 4

*(b)* 1, 2 and 3 only

*(c)* 1 and 2 only

*(d)* 3 and 4 only

**69.** Which one of the following is ***not*** a component of Revenue Receipts of the Union Government?

*(a)* Corporate tax receipts

*(b)* Dividends and profits

*(c)* Disinvestment receipts

*(d)* Interest receipts



Material Downloded From SUPERCOP

**66.** भारत में पंचायतों के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. पंचायत क्षेत्र में प्रादेशिक निर्वाचन-क्षेत्रों से प्रत्यक्ष चुनाव द्वारा पंचायत की सीटों को भरा जाता है।
2. ग्राम सभा उन व्यक्तियों का एक निकाय है, जो पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले किसी ग्राम की निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत हैं।
3. पंचायतें सांविधानिक स्वायत्तता के सिद्धान्त पर कार्य करती हैं।
4. राज्य विधानमंडल, विधि द्वारा पंचायतों को वे शक्ति और प्राधिकार दे सकते हैं जिससे वे कार्य करने में सक्षम हो सकें।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* 2, 3 और 4

*(c)* 1, 2 और 4

*(d)* केवल 1 और 4

**67.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन भारतीय परिसंघीय व्यवस्था के सम्बन्ध में सही है/हैं?

1. राज्य सभा में सभी राज्यों का प्रतिनिधित्व समान है।
2. किसी राज्य की सीमाओं में बदलाव के लिए उस राज्य की सहमति आवश्यक नहीं है।
3. भारत में दोहरी नागरिकता नहीं है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* केवल 2

**68.** भारत के उच्चतम न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) की शक्तियाँ निम्नलिखित में से कौन-सी हैं?

1. एक या एक से अधिक राज्यों तथा भारत सरकार के बीच किसी विवाद की स्थिति में आरंभिक अधिकारिता
2. उच्च न्यायालयों के विरुद्ध अपीलें सुनने की शक्ति
3. इसके समक्ष आए किसी भी मामले में न्याय करने के लिए डिक्री और आदेश पारित करना
4. विधि से सम्बन्धित मामलों में भारत के राष्ट्रपति को सलाह देना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2, 3 और 4

*(b)* केवल 1, 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 2

*(d)* केवल 3 और 4

**69.** निम्नलिखित में से कौन-सा संघ सरकार की राजस्व प्राप्तियों का घटक **नहीं** है?

*(a)* निगमित कर प्राप्तियाँ

*(b)* लाभांश तथा लाभ

*(c)* विनिवेश प्राप्तियाँ

*(d)* ब्याज प्राप्तियाँ



Material Downloaded From SUPERCOP

**70.** TRIPS Agreement pertains to

*(a)* international tariff regime

*(b)* intellectual property protection

*(c)* international practices on trade facilitation

*(d)* international taxation of property

**71.** The 7·6% growth rate registered by Indian economy during the year 2015–16 is based on

*(a)* Gross National Product at market prices

*(b)* Gross Value Added at constant prices

*(c)* Gross Domestic Product at market prices

*(d)* Gross Domestic Product at constant prices

**72.** Which of the following statements about the Trans-Pacific Partnership (TPP) is/are correct?

1. The TPP was signed by 12 Pacific Rim nations in the year 2015.
2. The TPP is likely to be a game-changer in global trade as member countries account for about 40 percent of global GDP.
3. India is a founder member of TPP.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1 only

**73.** Which of the following statements about Bitcoin is/are correct?

1. It is a decentralized virtual currency.
2. It is generated through complex computer software systems.
3. The Reserve Bank of India recognized it as a legal tender in January 2016.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**74.** Hindustan Aeronautics Limited handed over the first two indigenously designed and manufactured light combat aircrafts to the Indian Air Force in 2016. What is the name of these new combat aircrafts?

*(a)* Marut

*(b)* Garud

*(c)* Tejas

*(d)* Pushpak

**75.** Consider the following statement about a famous football player :

"He was diagnosed with a growth hormone deficiency during his childhood but went on to win three European Golden Shoes in his career."

Who is that player?

*(a)* Andres Iniesta

*(b)* Lionel Messi

*(c)* Cristiano Ronaldo

*(d)* Zinedine Zidane



Material Downloaded From SUPERCOP

**70.** TRIPS समझौता किससे सम्बन्धित है?

*(a)* अन्तर्राष्ट्रीय टैरिफ व्यवस्था

*(b)* बौद्धिक सम्पदा संरक्षण

*(c)* व्यापार सरलीकरण पर अन्तर्राष्ट्रीय पद्धति

*(d)* सम्पत्ति का अन्तर्राष्ट्रीय कराधान

**71.** वर्ष 2015–16 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था द्वारा दर्ज की गई 7·6% की वृद्धि दर का आधार क्या है?

*(a)* बाजार कीमतों पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद

*(b)* स्थिर कीमतों पर सकल अतिरिक्त मूल्य

*(c)* बाजार कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद

*(d)* स्थिर कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद

**72.** ट्रांस-पैसिफिक पार्टनरशिप (TPP) के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. वर्ष 2015 में 12 पैसिफिक रिम राष्ट्रों द्वारा TPP पर हस्ताक्षर किया गया।
2. ऐसी संभावना है कि TPP वैश्विक व्यापार में दिशा परिवर्तक (गेम-चेंजर) साबित होगा, क्योंकि वैश्विक GDP का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा इसके सदस्य देशों का है।
3. भारत, TPP का एक संस्थापक सदस्य है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* केवल 1

**73.** बिटकॉइन (Bitcoin) के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. यह एक विकेन्द्रीकृत परोक्ष मुद्रा है।
2. इसे जटिल कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर प्रणालियों द्वारा सृजित किया जाता है।
3. रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया ने जनवरी 2016 में इसे एक वैध टेंडर के रूप में मान्यता प्रदान की।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**74.** हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड ने स्वदेशी रूप से प्रकल्पित एवं निर्मित किए गए प्रथम दो हल्के लड़ाकू विमान, 2016 में भारतीय वायु सेना को सौंपे। इन नए लड़ाकू विमानों का नाम क्या है?

*(a)* मारुत

*(b)* गरुड़

*(c)* तेजस

*(d)* पुष्पक

**75.** फुटबॉल के एक विख्यात खिलाड़ी के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिए :

"बचपन में उसे वृद्धि हॉर्मोन अल्पता रोग था किन्तु उसने अपने जीवन में तीन बार यूरोपियन गोल्डन शूज का पुरस्कार जीता।"

उस खिलाड़ी का नाम क्या है?

*(a)* एंड्रिज इनिएस्टा

*(b)* लियोनेल मेस्सी

*(c)* क्रिस्टिआनो रोनाल्डो

*(d)* जिनेदिन जिदान



Material Downloaded From SUPERCOP

76. Which of the following statements is/are correct?

1. In June 2016, the LIGO group of scientists announced the detection of a second set of gravitational waves.
2. Gravitational waves were generated due to merger of two black holes at about 1·4 billion light-years distant.
3. Gravitational waves were inserted due to collision of two white dwarf stars at about 1·4 billion light-years distant.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

77. In the year 2016, the Government of India announced a ₹ 6,000 crore special package for the textile and apparel sector to

1. create one crore jobs within three years
2. create jobs equally for men and women
3. provide tax and production incentives for the entrepreneurs

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

78. Which one of the following is ***not*** an Inter-Services Establishment?

(a) Officers Training Academy

(b) National Defence Academy

(c) National Defence College

(d) Armed Forces Medical College

79. Which one of the following is a Peacetime Gallantry Award?

(a) Shaurya Chakra

(b) Vir Chakra

(c) Yudh Seva Medal

(d) Param Vir Chakra

80. The Headquarters of the Southern Naval Command of the Indian Navy is located at which one of the following places?

(a) Karwar

(b) Kochi

(c) Thiruvananthapuram

(d) Chennai



Material Downloaded From SUPERCOP

**76.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. जून 2016 में वैज्ञानिकों के LIGO समूह ने गुरुत्वीय तरंगों के एक द्वितीय समुच्चय की खोज की घोषणा की।
2. गुरुत्वीय तरंगों की उत्पत्ति लगभग 1·4 बिलियन प्रकाश-वर्ष की दूरी पर दो ब्लैक होलों (black holes) के विलय के कारण हुई थी।
3. गुरुत्वीय तरंगें लगभग 1·4 बिलियन प्रकाश-वर्ष की दूरी पर दो सफेद वामन तारों की टक्कर के कारण निविष्ट हुई थीं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**77.** वर्ष 2016 में भारत सरकार ने वस्त्र और परिधान क्षेत्र के लिए ₹6,000 करोड़ की एक विशेष पैकेज की घोषणा किसलिए की थी?

1. तीन वर्षों के भीतर एक करोड़ नौकरियाँ सृजित करने हेतु
2. पुरुषों और महिलाओं के लिए बराबर नौकरियाँ सृजित करने हेतु
3. उद्यमियों को कर और उत्पादन प्रोत्साहन प्रदान करने हेतु

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**78.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक इंटर-सर्विसेज प्रतिष्ठान (Inter-Services Establishment) **नहीं** है?

*(a)* अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी (ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी)

*(b)* राष्ट्रीय रक्षा अकादमी

*(c)* राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय

*(d)* सशस्त्र बल चिकित्सा महाविद्यालय (आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज)

**79.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक शांतिकालीन वीरता पुरस्कार है?

*(a)* शौर्य चक्र

*(b)* वीर चक्र

*(c)* युद्ध सेवा मेडल

*(d)* परमवीर चक्र

**80.** भारतीय नौसेना के दक्षिणी नौसैन्य कमान का मुख्यालय निम्नलिखित में से किस स्थान पर है?

*(a)* करवार

*(b)* कोच्ची

*(c)* तिरुवनंतपुरम

*(d)* चेन्नई



Material Downloaded From SUPERCOP

**81.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| | *List–I* (*Act/Event*) | | *List–II* (*Year*) |
|---|---|---|---|
| A. | Rowlatt Act | 1. | 1922 |
| B. | Salt March | 2. | 1931 |
| C. | Chauri Chaura Incident | 3. | 1930 |
| D. | Second Round Table Conference | 4. | 1919 |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 4 | 3 | 1 | 2 |
| *(b)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(c)* | 4 | 3 | 2 | 1 |
| *(d)* | 3 | 4 | 2 | 1 |

**82.** Consider the following statements about the Salt March :

1. The Salt March was deliberately ignored by the European media.
2. The Salt March was widely covered by the American and European press.
3. The Salt March was the first nationalist activity in which women participated in large numbers.
4. The Salt March impressed upon the British the urgent need to devolve more power to Indians.

Which of the statements given above are correct?

*(a)* 1, 2 and 4

*(b)* 2, 3 and 4

*(c)* 3 and 4 only

*(d)* 2 and 3 only

**83.** In the elections to the provincial legislatures in 1937 in British India

1. only about 10 to 12 percent of the population had the right to vote
2. the untouchables had no right to vote
3. the Congress won an absolute majority in five out of eleven provinces
4. the Muslim League won more than 80 percent of the seats reserved for Muslims

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 3 and 4

*(b)* 1 and 4 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 2, 3 and 4

**84.** Which of the following statements about the social base of the Arya Samaj in British India is/are correct?

1. It was located mainly in Punjab and western Uttar Pradesh.
2. It mainly comprised the trading castes.
3. It was much more limited than that of the Brahmo Samaj.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 only

*(d)* 1, 2 and 3



Material Downloded From SUPERCOP

**81.** सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची–I (अधिनियम/घटना)** | | **सूची–II (वर्ष)** |
|---|---|---|
| A. रौलट ऐक्ट | 1. | 1922 |
| B. नमक मार्च | 2. | 1931 |
| C. चौरी चौरा घटना | 3. | 1930 |
| D. द्वितीय गोल मेज सम्मेलन | 4. | 1919 |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 4 | 3 | 1 | 2 |
| *(b)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(c)* | 4 | 3 | 2 | 1 |
| *(d)* | 3 | 4 | 2 | 1 |

**82.** नमक मार्च के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यूरोपियन जनसंचार माध्यमों द्वारा जानबूझकर नमक मार्च को नजरअंदाज किया गया था।
2. अमेरिकी और यूरोपियन प्रेस द्वारा नमक मार्च का व्यापक विवरण दिया गया था।
3. नमक मार्च पहली राष्ट्रवादी गतिविधि थी, जिसमें महिलाओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।
4. नमक मार्च ने ब्रिटेन पर यह प्रभाव छोड़ा कि भारतीयों को और अधिक अधिकार सौंपने की तुरंत आवश्यकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

*(a)* 1, 2 और 4

*(b)* 2, 3 और 4

*(c)* केवल 3 और 4

*(d)* केवल 2 और 3

**83.** ब्रिटिश भारत में 1937 के प्रांतीय विधानमंडल के चुनावों में

1. लगभग 10 से 12 प्रतिशत जनसंख्या को ही मत देने का अधिकार था
2. अछूतों को मत देने का अधिकार नहीं था
3. ग्यारह में से पाँच प्रांतों में काँग्रेस स्पष्ट बहुमत से विजयी हुई
4. मुस्लिमों के लिए आरक्षित सीटों में से 80 प्रतिशत से अधिक सीटों पर मुस्लिम लीग को विजय प्राप्त हुई

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 3 और 4

*(b)* केवल 1 और 4

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 2, 3 और 4

**84.** ब्रिटिश भारत में आर्य समाज के सामाजिक आधार के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. यह मुख्यतः पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अवस्थित था।
2. इसमें मुख्यतः व्यापारी जातियाँ समाविष्ट थीं।
3. यह ब्रह्म समाज की तुलना में बहुत अधिक सीमित था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1

*(d)* 1, 2 और 3



Material Downloaded From SUPERCOP

**85.** Who among the following is the author of the book, *A Comparison between Women and Men*?

(a) Pandita Ramabai

(b) Sarojini Naidu

(c) Tarabai Shinde

(d) Rameshwari Nehru

**86.** The fact that the planets move around the Sun, not in circles but in ellipses, was first demonstrated by

(a) Galileo

(b) Martin Luther

(c) Johannes Kepler

(d) Copernicus

**87.** During the mid 19th century Industrial Revolution, the average life span of workers in Manchester was

(a) 17 years

(b) 30 years

(c) 55 years

(d) 62 years

**88.** George Washington was made the Commander in Chief of the American forces

(a) in December 1773, after the Boston Tea Party

(b) at the First Continental Congress in September 1774

(c) at the Second Continental Congress in 1775

(d) by the Continental Congress at the Declaration of Independence on 4th July, 1776

**89.** Alexander Kerensky was

(a) the head of the Provisional Government in Russia before the October Revolution

(b) a close confidant of Lenin, with whose help the Czar was dethroned

(c) the head of the Czar's army

(d) an advisor of Joseph Stalin

**90.** The Twelfth Five-Year Plan focussed on inclusive growth. Which of the following were considered as challenges for inclusiveness?

1. Poverty
2. Group inequality
3. Regional imbalance
4. Unemployment

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1, 3 and 4 only

(b) 1, 2, 3 and 4

(c) 1, 2 and 4 only

(d) 2 and 3 only



Material Downloaded From SUPERCOP

**85.** ए *कम्पैरिज़न बिट्वीन वूमेन एंड मेन* पुस्तक का लेखक इनमें से कौन है?

(a) पंडिता रमाबाई

(b) सरोजिनी नायडू

(c) ताराबाई शिंदे

(d) रामेश्वरी नेहरू

**86.** यह तथ्य कि ग्रह, सूर्य के चारों ओर वृत्तों में नहीं बल्कि दीर्घवृत्तों में घूमते हैं, सबसे पहले किसने प्रदर्शित किया था?

(a) गैलीलियो

(b) मार्टिन लूथर

(c) जोहानस केपलर

(d) कॉपरनिकस

**87.** 19वीं शताब्दी के मध्य में औद्योगिक क्रांति के दौरान मैनचेस्टर में श्रमिकों की औसत जीवन-अवधि कितनी थी?

(a) 17 वर्ष

(b) 30 वर्ष

(c) 55 वर्ष

(d) 62 वर्ष

**88.** जॉर्ज वॉशिंगटन को अमेरिकी सेना का कमांडर इन चीफ कब बनाया गया था?

(a) बोस्टन चाय पार्टी के पश्चात्, दिसम्बर 1773 में

(b) प्रथम महाद्वीपीय काँग्रेस के दौरान, सितम्बर 1774 में

(c) द्वितीय महाद्वीपीय काँग्रेस के दौरान, 1775 में

(d) महाद्वीपीय काँग्रेस द्वारा, 4 जुलाई, 1776 को स्वतंत्रता की घोषणा के समय

**89.** अलेक्जेंडर केरेन्स्की कौन थे?

(a) अक्तूबर क्रांति से पहले रूस की अनंतिम सरकार के प्रधान

(b) लेनिन के घनिष्ठ विश्वासपात्र, जिनकी मदद से ज़ार को गद्दी से उतारा गया था

(c) ज़ार की सेना के प्रधान

(d) जोसेफ स्टालिन के एक सलाहकार

**90.** बारहवीं पंचवर्षीय योजना का केन्द्र-बिन्दु समावेशी विकास था। समावेशिता की चुनौतियों के रूप में निम्नलिखित में से किसे माना गया?

1. गरीबी
2. समूह असमानता
3. क्षेत्रीय असंतुलन
4. बेरोजगारी

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1, 3 और 4

(b) 1, 2, 3 और 4

(c) केवल 1, 2 और 4

(d) केवल 2 और 3



Material Downloaded From SUPERCOP

**91.** Which of the following statements are correct about 'Saakshar Bharat' scheme?

1. It is a centrally sponsored scheme which was launched during the Eleventh Five-Year Plan.
2. The scheme applies to women in particular and disadvantaged groups in general.
3. The scheme applies to persons above the age of 10 years.
4. The scheme is anchored with Panchayati Raj Institutions and Local Self-Government.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 2, 3 and 4

*(c)* 1, 2 and 4

*(d)* 1, 3 and 4

**92.** BRICS Summit, 2016 was held in

*(a)* Brazil

*(b)* China

*(c)* India

*(d)* South Africa

**93.** Which country signed a Memorandum of Understanding with India for promoting the production of Pigeon peas/Tur and other pulses in July 2016?

*(a)* South Africa

*(b)* Syria

*(c)* Egypt

*(d)* Mozambique

**94.** Which of the following statements relating to the powers of the President of India is/are correct?

1. The executive power of the Union shall be vested in the President.
2. The executive power shall be exercised by the President only through officers subordinate to him.
3. The supreme command of the defence forces of the Union shall be vested in the President.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 3 only

**95.** Which of the following statements regarding Article 21 of the Constitution of India is/are correct?

1. Article 21 is violated when the under-trial prisoners are detained under judicial custody for an indefinite period.
2. Right to life is one of the basic human rights and not even the State has the authority to violate that right.
3. Under Article 21, the right of a woman to make reproductive choices is not a dimension of personal liberty.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 2 only



Material Downloaded From SUPERCOP

**91.** 'साक्षर भारत' योजना के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. यह एक केन्द्र प्रायोजित योजना है, जिसे ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान आरंभ किया गया था।
2. यह योजना विशेष रूप से महिलाओं और सामान्यतः वंचित समूहों पर लागू होती है।
3. यह योजना 10 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों पर लागू होती है।
4. यह योजना पंचायती राज संस्थाओं और स्थानीय स्वायत्त शासन पर आश्रित है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* 2, 3 और 4

*(c)* 1, 2 और 4

*(d)* 1, 3 और 4

**92.** BRICS शिखर सम्मेलन, 2016 कहाँ आयोजित हुआ था?

*(a)* ब्राजील

*(b)* चीन

*(c)* भारत

*(d)* दक्षिण अफ्रीका

**93.** जुलाई 2016 में किस देश ने अरहर/तूर और अन्य दालों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए भारत के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?

*(a)* दक्षिण अफ्रीका

*(b)* सीरिया

*(c)* मिस्र

*(d)* मोजाम्बिक

**94.** भारत के राष्ट्रपति की शक्तियों के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. संघ की कार्यपालक शक्ति राष्ट्रपति में निहित होगी।
2. राष्ट्रपति द्वारा अपने अधीनस्थ अधिकारियों के माध्यम से ही कार्यपालक शक्ति का प्रयोग किया जाएगा।
3. संघ की रक्षा सेनाओं का सर्वोच्च समादेश (supreme command) राष्ट्रपति में निहित होगा।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* केवल 3

**95.** भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. अनुच्छेद 21 का अतिक्रमण तब होता है, जब विचारणाधीन कैदियों को अनिश्चित अवधि के लिए न्यायिक हिरासत में निरुद्ध किया जाता है।
2. जीवन का अधिकार एक आधारभूत मानवाधिकार है और इस अधिकार के अतिक्रमण की शक्ति राज्य के पास भी नहीं है।
3. अनुच्छेद 21 के अन्तर्गत जननात्मक चयन करने का किसी महिला का अधिकार व्यक्तिगत स्वतंत्रता का एक आयाम नहीं है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* केवल 2



Material Downloaded From SUPERCOP

**96.** Which of the following statements is/are correct regarding Right to Education in India?

1. Free and compulsory education should be provided to all children of the age of six to fourteen years.
2. The imperative of the provision of the Right to Education Act, 2009 is that schools must have qualified teachers and basic infrastructure.
3. There should be quality education without any discrimination on the ground of economic, social and cultural background.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 3 only

**97.** Which one of the following statements regarding freedom to manage religious affairs as per the Constitution of India is ***not*** correct?

*(a)* Every religious denomination shall have the right to manage its own affairs in matters of religion except some minor communities.

*(b)* Every religion or any section thereof shall have the right to own and acquire movable and immovable property.

*(c)* Every religious community has the right to establish and maintain institutions for religious and charitable purposes.

*(d)* Every community has the right to manage its own affairs in matters of religion.

**98.** Which one of the following statements relating to protection against arrest and detention of individuals under Article 22 is ***not*** correct?

*(a)* No person who is arrested shall be detained in custody without being informed of the grounds for such arrest.

*(b)* No person shall be denied the right to consult, and be defended by, a legal practitioner of his/her choice.

*(c)* Every person who is arrested and detained in custody shall be produced before the nearest Magistrate within a period of one week of such arrest.

*(d)* The right to protection against arrest is not available to a person in jail pursuant to a judicial order.

**99.** Which one of the following intellectual property rights is protected without making any registration?

*(a)* Copyright

*(b)* Patent

*(c)* Industrial design

*(d)* Trademark



Material Downloaded From SUPERCOP

**96.** भारत में शिक्षा के अधिकार के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. छः से चौदह वर्ष की आयु के सभी बच्चों के लिए मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान होना चाहिए।
2. शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के प्रावधान की अनिवार्यता है कि विद्यालयों में योग्य शिक्षक और बुनियादी अवसंरचना अवश्य होनी चाहिए।
3. आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के आधार पर बिना किसी भेदभाव के गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* केवल 3

**97.** भारत के संविधान के अनुसार धार्मिक कार्यों के प्रबन्ध की स्वतंत्रता के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

*(a)* कुछ लघु सम्प्रदायों को छोड़कर प्रत्येक धार्मिक सम्प्रदाय को अपने धर्मविषयक कार्यों का प्रबन्ध करने का अधिकार होगा।

*(b)* प्रत्येक धर्म या उसके किसी भाग विशेष को चल और अचल सम्पत्ति के स्वामित्व और अर्जन का अधिकार होगा।

*(c)* प्रत्येक धार्मिक समुदाय को धार्मिक एवं धर्मार्थ प्रयोजनों के लिए संस्थाओं की स्थापना और उनके रखरखाव का अधिकार है।

*(d)* प्रत्येक समुदाय को अपने धर्मविषयक कार्यों के प्रबन्धन का अधिकार है।

**98.** अनुच्छेद 22 के अन्तर्गत व्यक्तियों की गिरफ्तारी और निरोध से संरक्षण के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

*(a)* गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को गिरफ्तारी के कारणों से अवगत कराए बिना अभिरक्षा में निरुद्ध नहीं रखा जाएगा।

*(b)* किसी व्यक्ति को अपनी रुचि के विधि सलाहकार से परामर्श करने और बचाव कराने के अधिकार से वंचित नहीं किया जाएगा।

*(c)* गिरफ्तार किए गए तथा अभिरक्षा में निरुद्ध रखे गए प्रत्येक व्यक्ति को उसकी गिरफ्तारी से एक सप्ताह की अवधि में निकटतम मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

*(d)* न्यायिक आदेश के अनुसरण में कारागार में रखे गए किसी व्यक्ति को गिरफ्तारी से संरक्षण का अधिकार प्राप्त नहीं होता है।

**99.** निम्नलिखित में से कौन-सा बौद्धिक संपदा अधिकार बिना किसी पंजीकरण के संरक्षित है?

*(a)* प्रतिलिप्यधिकार (कॉपीराइट)

*(b)* पेटेंट

*(c)* औद्योगिक डिजाइन

*(d)* व्यापार-चिह्न (ट्रेडमार्क)



Material Downloaded From SUPERCOP

**100.** Which one of the following indices is now used by the Reserve Bank of India to measure the rate of inflation in India?

(a) NASDAQ Index

(b) BSE Index

(c) Consumer Price Index

(d) Wholesale Price Index

**101.** The Most Favoured Nation (MFN) Clause under WTO regime is based on the principle of

(a) non-discrimination between nations

(b) discrimination between nations

(c) differential treatment between locals and foreigners

(d) uniform tariff across commodities

**102.** Goods and Services Tax likely to be levied in India is ***not*** a

(a) gross value tax

(b) value-added tax

(c) consumption tax

(d) destination-based tax

**103.** Amartya Sen was awarded the Nobel Prize for his contribution to

(a) Monetary Economics

(b) Welfare Economics

(c) Environmental Economics

(d) Development Economics

**104.** The rank of Captain of the Indian Navy is equivalent to which one of the following?

(a) Captain of the Indian Army

(b) Group Captain in the Indian Air Force

(c) Lieutenant Colonel of the Indian Army

(d) Wing Commander of the Indian Air Force

**105.** Which one of the following statements is correct in relation to the Indian Air Force?

(a) It has bases in many friendly countries.

(b) It does not carry out joint exercises with any country.

(c) It has a separate Maintenance Command.

(d) No officer has ever been elevated to the rank of Marshal of the Indian Air Force.



Material Downloaded From SUPERCOP

**100.** निम्नलिखित में से कौन-सा सूचकांक भारत में मुद्रास्फीति की दर को मापने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अब प्रयोग में लाया जाता है?

(a) NASDAQ सूचकांक

(b) BSE सूचकांक

(c) उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

(d) थोक मूल्य सूचकांक

**101.** WTO शासन-व्यवस्था के अंतर्गत सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र (MFN) का प्रावधान किस सिद्धान्त पर आधारित है?

(a) राष्ट्रों के बीच गैर-विभेदीकरण

(b) राष्ट्रों के बीच विभेदीकरण

(c) स्थानीय और विदेशियों के बीच विभेदी व्यवहार

(d) वस्तुओं के बीच एकसमान प्रशुल्क (टैरिफ)

**102.** निम्नलिखित में से कौन-सा भारत में लगाया जाने वाला संभावित माल एवं सेवा कर **नहीं** है?

(a) सकल मूल्य कर

(b) मूल्य वर्धित कर

(c) उपभोग कर

(d) गंतव्य-आधारित कर (डेस्टिनेशन-बेस्ड टैक्स)

**103.** अमर्त्य सेन को उनके किस विषय-क्षेत्र में योगदान के लिए नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था?

(a) मौद्रिक अर्थशास्त्र

(b) कल्याणकारी अर्थशास्त्र

(c) पर्यावरणीय अर्थशास्त्र

(d) विकासात्मक अर्थशास्त्र

**104.** भारतीय नौसेना के कैप्टेन का पद निम्नलिखित में से किसके समकक्ष होता है?

(a) भारतीय सेना का कैप्टेन

(b) भारतीय वायु सेना का ग्रुप कैप्टेन

(c) भारतीय सेना का लेफ्टिनेंट कर्नल

(d) भारतीय वायु सेना का विंग कमांडर

**105.** भारतीय वायु सेना के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) इसका अनेक मित्र देशों में आधार (बेस) है।

(b) यह किसी भी देश के साथ संयुक्त अभ्यास नहीं करती है।

(c) इसका एक पृथक् अनुरक्षण (मेन्टेनेन्स) कमांड होता है।

(d) भारतीय वायु सेना के किसी भी अधिकारी को अब तक मार्शल का ओहदा नहीं दिया गया है।



Material Downloaded From SUPERCOP

**106.** The Indian Navy in October 2016 commissioned the highly maneuverable fast attack craft INS Tihayu. INS Tihayu would be based in

*(a)* Kochi

*(b)* Panaji

*(c)* Visakhapatnam

*(d)* Mumbai

**107.** Which one of the following sectors is ***not*** affected by the changes made in the Foreign Direct Investment Policy in June 2016?

*(a)* Multi-brand retailing

*(b)* Defence

*(c)* Private security agencies

*(d)* Manufacturing of small arms and ammunitions covered under the Arms Act, 1959

**108.** BREXIT refers to the Great Britain leaving which one of the following?

*(a)* International Monetary Fund

*(b)* Commonwealth

*(c)* World Trade Organization

*(d)* European Union

**109.** In which one of the following cities are the Summer Olympics, 2020 going to be held?

*(a)* London

*(b)* Paris

*(c)* Tokyo

*(d)* Moscow

**110.** Who among the following is the President of Republic of the Union of Myanmar?

*(a)* Aung San Suu Kyi

*(b)* Htin Kyaw

*(c)* Myint Swe

*(d)* Henry Van Thio

***Directions :***

The following **two (2)** items consist of two statements, Statement I and Statement II. Examine these two statements carefully and select the correct answer using the code given below.

*Code :*

*(a)* Both the statements are individually true and Statement II is the correct explanation of Statement I

*(b)* Both the statements are individually true but Statement II is ***not*** the correct explanation of Statement I

*(c)* Statement I is true but Statement II is false

*(d)* Statement I is false but Statement II is true

**111.** Statement I :

The passing of the Coercive Acts made reconciliation between Britain and her American colonies virtually impossible.

Statement II :

The British Parliament, having issued the Stamp Act in 1765, repealed it later.



Material Downloaded From SUPERCOP

**106.** अक्तूबर 2016 में भारतीय नौसेना ने अत्यधिक युक्तिचालन वाले तीव्र आक्रमण जलयान INS तिहायु को शामिल कर लिया। INS तिहायु कहाँ आधारित होगा?

(a) कोच्ची

(b) पणजी

(c) विशाखापट्टनम

(d) मुम्बई

**107.** निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नीति में जून 2016 में किए गए परिवर्तनों से प्रभावित **नहीं** है?

(a) बहु-ब्रैंड खुदरा बिक्री

(b) रक्षा

(c) निजी सुरक्षा एजेंसियाँ

(d) आयुध अधिनियम, 1959 के अंतर्गत आने वाले छोटे शस्त्रास्त्र और गोला-बारूद का निर्माण

**108.** ग्रेट ब्रिटेन निम्नलिखित में से किससे अलग हो रहा है, जो BREXIT से संदर्भित है?

(a) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

(b) राष्ट्रमंडल

(c) विश्व व्यापार संगठन

(d) यूरोपियन यूनियन

**109.** निम्नलिखित में से किस शहर में ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक, 2020 होने जा रहा है?

(a) लंदन

(b) पेरिस

(c) टोकियो

(d) मॉस्को

**110.** इनमें से म्यांमार संघ के गणतंत्र का राष्ट्रपति कौन है?

(a) आंग सान सू की

(b) हतिन क्याव

(c) म्यिंट स्वे

(d) हेनरी वान थियो

**निर्देश :**

निम्नलिखित **दो (2)** प्रश्नांशों में दो कथन हैं, कथन I और कथन II. इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

**कूट :**

(a) दोनों कथन अलग-अलग सत्य हैं और कथन I का सही स्पष्टीकरण कथन II है

(b) दोनों कथन अलग-अलग सत्य हैं किन्तु कथन I का सही स्पष्टीकरण कथन II **नहीं** है

(c) कथन I सत्य है किन्तु कथन II असत्य है

(d) कथन I असत्य है किन्तु कथन II सत्य है

**111.** कथन I :

प्रपीड़क (कोअर्सिव) अधिनियमों के पारित होने से ब्रिटेन और उसके अमेरिकी उपनिवेशों के बीच मेल-मिलाप वस्तुतः असंभव हो गया।

कथन II :

ब्रिटिश संसद, जिसने 1765 में स्टैंप अधिनियम पारित किया था, ने बाद में उसे निरस्त कर दिया।



Material Downloaded From SUPERCOP

**112.** Statement I :

The Poona Pact provided for 151 reserved seats for the scheduled castes to be elected by a joint, not separate, electorate.

Statement II :

Dr. B. R. Ambedkar withdrew from active politics for almost a decade when the Communal Award was revoked.

**113.** Which one of the following statements about the All India Depressed Classes Association is ***not*** correct?

*(a)* The All India Depressed Classes Association was formed in Nagpur with M. C. Rajah as its first elected President.

*(b)* The All India Depressed Classes Association was not attended by Dr. B. R. Ambedkar in 1926.

*(c)* Ambedkar resigned from the All India Depressed Classes Association and formed his own All India Depressed Classes Congress in 1930.

*(d)* The All India Depressed Classes Association favoured Ambedkar's demand for separate electorate for the depressed classes.

**114.** Which one of the following statements about the Justice Party is ***not*** correct?

*(a)* It clamoured for the same kind of separate communal representation for the Non-Brahmins as had been granted to the Muslims by the Morley-Minto Reforms.

*(b)* It was patronized mainly by richer landowning and urban middle class Non-Brahmins.

*(c)* It succeeded in getting the provision for 28 reserved seats for the Non-Brahmins in the Montagu-Chelmsford Reforms.

*(d)* It supported the call given by the Congress to boycott elections in 1920.

**115.** The Ryotwari experiment in land revenue was started by

*(a)* Henry Dundas

*(b)* Alexander Reed

*(c)* David Ricardo

*(d)* Mountstuart Elphinstone

**116.** Which of the following statements is/are correct regarding the Preamble of the Indian Constitution?

1. The Preamble by itself is not enforceable in a Court of Law.
2. The Preamble states the objectives which the Constitution seeks to establish and promote.
3. The Preamble indicates the source from which the Constitution derives its authority.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 2 only



Material Downloaded From SUPERCOP

**112.** कथन I :

अनुसूचित जातियों के लिए 151 आरक्षित स्थानों हेतु पूना समझौते में यह प्रावधान था कि निर्वाचन एक संयुक्त, न कि पृथक्, निर्वाचकमंडल द्वारा किया जाएगा।

कथन II :

डॉ० बी० आर० अम्बेडकर सक्रिय राजनीति से लगभग एक दशक के लिए अलग हो गए थे, जब कम्युनल अवार्ड रद्द किया गया था।

**113.** ऑल इंडिया डिप्रेस्ड क्लासेस एसोसिएशन के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

*(a)* ऑल इंडिया डिप्रेस्ड क्लासेस एसोसिएशन का गठन नागपुर में हुआ था, जिसके प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष एम० सी० राजा थे।

*(b)* डॉ० बी० आर० अम्बेडकर 1926 में ऑल इंडिया डिप्रेस्ड क्लासेस एसोसिएशन में उपस्थित नहीं हुए थे।

*(c)* अम्बेडकर ने ऑल इंडिया डिप्रेस्ड क्लासेस एसोसिएशन से इस्तीफा दे दिया और 1930 में स्वयं का ऑल इंडिया डिप्रेस्ड क्लासेस काँग्रेस बनाया।

*(d)* ऑल इंडिया डिप्रेस्ड क्लासेस एसोसिएशन ने दलित वर्ग हेतु पृथक् निर्वाचकमंडल की अम्बेडकर की माँग का समर्थन किया।

**114.** जस्टिस पार्टी के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

*(a)* इसने गैर-ब्राह्मणों के लिए भी उसी प्रकार के पृथक् साम्प्रदायिक प्रतिनिधित्व के लिए आवाज उठाई, जैसा कि मॉर्ले-मिंटो सुधारों के द्वारा मुस्लिमों को प्रदान किया जा चुका था।

*(b)* इसे मुख्य रूप से धनी भू-स्वामियों और शहरी गैर-ब्राह्मण मध्यम वर्ग का संरक्षण प्राप्त था।

*(c)* इसने मोंटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधारों में गैर-ब्राह्मणों के लिए 28 आरक्षित स्थानों का प्रावधान करवाने में सफलता पाई।

*(d)* इसने 1920 में चुनावों के बहिष्कार के लिए काँग्रेस द्वारा किए गए आह्वान का समर्थन किया।

**115.** भू-राजस्व में रैयतवाड़ी प्रयोग का प्रारंभ किसके द्वारा किया गया?

*(a)* हेनरी दुन्डास

*(b)* अलेक्जेंडर रीड

*(c)* डेविड रिकार्डो

*(d)* माउंटस्टुअर्ट एल्फिन्सटन

**116.** भारत के संविधान की उद्देशिका के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. उद्देशिका स्वयं न्यायालय में प्रवर्तनीय नहीं है।
2. उद्देशिका उन उद्देश्यों को बताती है, जिन्हें संविधान स्थापित करना और आगे बढ़ाना चाहता है।
3. उद्देशिका उस स्रोत को इंगित करती है, जहाँ से संविधान अपना प्राधिकार प्राप्त करता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* केवल 2



Material Downloded From SUPERCOP

**117.** Which one of the following statements relating to cultural and educational rights in India is ***not*** correct?

*(a)* Every section of the citizens has the right to conserve its language, script or culture.

*(b)* No citizen shall be denied admission into any educational institution maintained by the State or receiving aid out of State funds on grounds of religion, race or language.

*(c)* The State shall, in granting aid to educational institutions, discriminate against any educational institution on the ground that it is under the management of a majority community.

*(d)* All minorities, whether based on religion or language, shall have the right to establish and administer educational institutions of their choice.

**118.** Which one of the following statements relating to the Directive Principles of State Policy is ***not*** correct?

*(a)* The provisions contained in Part IV of the Constitution of India shall not be enforceable by any Court.

*(b)* The Directive Principles of State Policy are fundamental in the governance of the country.

*(c)* It shall be the duty of the State to apply the Directive Principles in making laws.

*(d)* The Directive Principles are directed in making India an advanced capitalist country of the world.

**119.** Which one of the following statements is ***not*** correct regarding the Office of the Vice President of India?

*(a)* The Vice President is elected by an electoral college consisting of the elected members of both the Houses of the Parliament.

*(b)* The Vice President is elected in accordance with the system of proportional representation by means of single transferable vote.

*(c)* The Vice President shall not be a member of either House of the Parliament or of a House of the Legislature of any State.

*(d)* The Vice President of India shall be ex officio Chairman of the Council of States and shall not hold any office of profit.

**120.** Which one of the following constitutional authorities inquires and decides in case of doubts and disputes arising out of election of the President and Vice President of India?

*(a)* The Supreme Court of India

*(b)* The Election Commission of India

*(c)* The Parliamentary Committee

*(d)* The High Court of Delhi



Material Downloaded From SUPERCOP

**117.** भारत में सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकारों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(a) नागरिकों के हर वर्ग को अपनी भाषा, लिपि अथवा संस्कृति को बनाए रखने का अधिकार है।

(b) राज्य द्वारा पोषित या राज्य-निधि से सहायता प्राप्त करने वाले किसी शैक्षिक संस्थान में किसी भी नागरिक को धर्म, प्रजाति या भाषा के आधार पर प्रवेश लेने से वंचित नहीं किया जाएगा।

(c) शैक्षिक संस्थाओं को सहायता प्रदान करने में, राज्य किसी शैक्षिक संस्थान के प्रति इस आधार पर कि यह किसी बहुसंख्यक समुदाय के प्रबंधन के अधीन है, भेदभाव करेगा।

(d) धर्म या भाषा किसी पर भी आधारित सभी अल्पसंख्यकों को अपनी रुचि के शैक्षिक संस्थानों की स्थापना करने और उनके संचालन का अधिकार होगा।

**118.** राज्य की नीति के निदेशक-तत्त्वों के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(a) भारत के संविधान के भाग IV में अन्तर्विष्ट उपबन्ध किसी भी न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं होंगे।

(b) देश के शासन में राज्य की नीति के निदेशक-तत्त्व मूलभूत हैं।

(c) राज्य का यह कर्तव्य होगा कि कानून बनाने में निदेशक-तत्त्वों को लागू करे।

(d) निदेशक-तत्त्व, भारत को विश्व का एक उन्नत पूँजीवादी देश बनाने के लिए निर्दिष्ट है।

**119.** भारत के उपराष्ट्रपति के कार्यालय के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(a) संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्यों से मिलकर बनने वाले एक निर्वाचकमंडल द्वारा उपराष्ट्रपति का निर्वाचन किया जाता है।

(b) उपराष्ट्रपति का निर्वाचन आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति के अनुसार एकल संक्रमणीय मत के द्वारा किया जाता है।

(c) उपराष्ट्रपति संसद के किसी भी सदन का या किसी राज्य के विधानमंडल के सदन का सदस्य नहीं होगा।

(d) भारत का उपराष्ट्रपति राज्य सभा का पदेन सभापति होगा और लाभ का कोई पद धारण नहीं करेगा।

**120.** भारत के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के निर्वाचन में उठे संदेहों और विवादों के मामले में जाँच और निर्णय निम्नलिखित में से किस सांविधानिक प्राधिकरण द्वारा किए जाते हैं?

(a) भारत का उच्चतम न्यायालय

(b) भारत का निर्वाचन आयोग

(c) संसदीय समिति

(d) दिल्ली उच्च न्यायालय



Material Downloaded From SUPERCOP

SPACE FOR ROUGH WORK



Material Downloaded From SUPERCOP

## SPACE FOR ROUGH WORK

★ ★ ★



Material Downloded From SUPERCOP

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**टी.बी.सी. : BLS–E–EDF** **परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

**क्रम संख्या** 0168253

**A**

# परीक्षण पुस्तिका

## सामान्य ज्ञान

**समय : दो घण्टे** **पूर्णांक : 100**

## अ नु दे श

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें।
2. कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम **A, B, C** या **D** को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ न** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक ही** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर **ही** अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें।
6. **सभी** प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

*Note* : English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.

Material Downloded From SUPERCOP